# हरियाणा में आंगनवाड़ी हैल्पर के 4439, वर्कर के 2549 और सुपरवाइजर के 118 पद खाली

**महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने विधायक पूजा के अतारांकित सवाल पर दी जानकारी**

सवेरा ब्यूरो/नवनीत शर्मा

चंडीगढ़, 16 मार्च : हरियाणा में आंगनवाड़ी वर्करों के 25962 पदों में से 2549, हैल्परों के 25450 पदों में से 4439 और सुपरवाइजर के 1016 में से 118 पद खाली पड़े हैं। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने विधानसभा में विधायक पूजा की तरफ से पूछे गए अतारांकित सवाल के जवाब में दी। पूजा ने पूछा कि राज्य की आंगनवाड़ियों, प्ले-वे में हैल्परों, वर्करों और सुपरवाइजरों की जिलेवार स्वीकृत और वर्तमान में संख्या कितनी है और इनमें रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है। इस पर मंत्री ने बताया कि वर्तमान में आंगनवाड़ी वर्कर के 25962 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 23413 पद भरे हुए हैं और 2549 पद खाली हैं। इसी तरह से आंगनवाड़ी हेल्पर के 25450 पदों में से 21011 पद भरे हुए हैं और 4439 पद खाली हैं। सुपरवाइजर के 1016 पद स्वीकृत हैं और 898 पद भरे हुए हैं और 118 पद खाली हैं।

## सुपरवाइजर के 101 पदों को भरने की मांग एचपीएससी को भेजी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों के रिक्त पदों को भरने का प्रस्ताव विभाग के पास विचाराधीन है। विभाग भारत सरकार के अगस्त 2022 के दिशा-निर्देशों के मद्देनजर आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की नियुक्ति के लिए चयन मानदंड तैयार करने का मामला प्रक्रिया में है। आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों के रिक्त पदों को वर्ष 2025 में भरने की संभावना है। मंत्री ने अपने जवाब में यह भी बताया कि सुपरवाइजारों के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की जाती है। विभाग द्वारा पहले ही दिसंबर 2022 और जून 2024 हो हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को 101 रिक्त पदों की मांग भेजी जा चुकी है। जैसे ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से नियुक्ति की अनुसंशा प्राप्त होगी, सुपरवाइजरों के रिक्त पदों को भर दिया जाएगा।

## इन जिलों में इतने पद खाली

| जिला | आंगनवाड़ी वर्कर | हेल्पर | सुपरवाइजर |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 129 | 225 | 15 |
| भिवानी | 119 | 195 | 00 |
| चरखी दादरी | 58 | 105 | 00 |
| फरीदाबाद | 83 | 183 | 11 |
| फतेहाबाद | 106 | 169 | 01 |
| गुरुग्राम | 90 | 136 | 00 |
| हिसार | 127 | 248 | 00 |
| जींद | 130 | 265 | 00 |
| झज्जर | 157 | 213 | 01 |
| कैथल | 71 | 255 | 01 |
| कुरुक्षेत्र | 67 | 160 | 01 |
| करनाल | 124 | 235 | 01 |
| मेवात | 150 | 170 | 22 |
| नारनौल | 124 | 217 | 00 |
| पंचकूला | 56 | 106 | 00 |
| पानीपत | 52 | 128 | 00 |
| पलवल | 129 | 205 | 32 |
| रोहतक | 151 | 189 | 00 |
| रेवाड़ी | 123 | 256 | 00 |
| सिरसा | 175 | 255 | 13 |
| सोनीपत | 225 | 360 | 00 |
| यमुनानगर | 103 | 164 | 20 |
| कुल | 2549 | 4439 | 118 |